सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-472
30/10/2018

मुख्यमंत्री ने चेहल्लुम के अवसर पर मैदाने करबला के शहीदों को नमन किया और हजरत इमाम हुसैन तथा मैदाने करबला के तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 30 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने चेहल्लुम के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन और तमाम सोहदये करबला को याद करते हुये उन्हें अपनी श्रद्धांजलि पेश की और कहा कि हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी अमर है और रहती दुनिया तक इसे याद किया जायेगा। इससे प्रेरणा लेकर जूल्म, अहंकार, नफरत के विरूद्ध इंसाफ, सच्चाई, भलाई और हक के परचम को बुलंद रखने का संकल्प लें। यही हजरत इमाम हुसैन और तमाम सोहदये करबला के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्यमंत्री ने चेहल्लूम को आपसी भाईचारा, पारस्परिक प्रेम, सामाजिक सद्भाव, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की प्रदेश एवं देशवासियों से अपील की।

******